www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–146 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शुक्रवार 27 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### गैर जमानती वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज

उन्नाव।पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक



महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 485ध्2021 से संबन्धित वांछितध् गैर जमानती वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण

सीतसपुर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी.सिंह द्वारा संयुक्त



रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी नगर व चार थानों की फोर्स मौजूद रही। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

### वैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें

सीतापुर (सू0वि0) जिलाधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिकध्पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर मो0 नं0 9454465635, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र– 1, सीतापुर (सदर) मो0 नं0 9454466288, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2, बिसवां मो0 नं0– 9454466289, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3, सिधौली मो0 नं0– 9454486290, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4, मिश्रिख मो0 नं0– 9454466293 , आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–5 लहरपुर मो0 नं0– 9454466296, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–6 महमूदाबाद मो0 नं0– 9454466532, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–7 महोली मो0 नं0– 9454466681 पर सूचना देने का कष्ट करें। आप द्वारा दी गयी सूचना ऐसे अडडों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है। किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें, सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

## मुख्यमंत्री योगी से संवाद के बाद बोले किसान, पहली बार मिला इतना सम्मान

लखनऊ, (वेब वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद करने के बाद किसानों ने कहा कि पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने उन्हें इतना सम्मान दिया। इसके लिए किसानों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को प्रदेश के कई




किसानों को अपने आवास पर संवाद के लिए बुलाया था। इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि फसल जलाने के कारण किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की बात कही। साथ ही गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। इसके अलावा यह भी आश्वासन दिया कि बिजली बिल बकाए के कारण एक भी किसान का विद्युत कनेक्शन नहीं कटेगा। जाड़ा, गर्मी और बरसात में समानभाव से खेत में पसीना बहाकर देश का पेट भरने वाले किसानों के लिए आज का दिन सचमुच यादगार हो गया। मुख्यमंत्री आवास में सीएम योगी से बातचीत करने के बाद उनके चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। सीएम योगी से बात करते हुए किसानों ने कुछ समस्याएं भी बताईं तो किसान हितों की सुरक्षा करने के लिए पीएम मोदी–सीएम योगी की जोड़ी को धन्यवाद भी दिया।

32 साल से खेती कर रहा हूं। बहुत से वादों–दावों को देखा सुना है। पर आज जो हो रहा है, कभी नहीं हुआ। किसान सम्मान निधि जैसे प्रयास किसानों के खाद बीज के लिए पैसों की चिंता खत्म करने वाले हैं। कृषि उपकरणों पर 80 फीसदी तक सरकारी अनुदान यही सरकार दे रही है। आज किसान देश में कहीं भी अपनी फसल बेच सकता है, कहीं कोई रोक नहीं। मैं खुद अपना उपजाया हुआ केला पंजाब में बेचता हूँ। सीधे हमारे खाते में एमएसपी की रकम आ रही है। यह सपना सच होने जैसा है। मोदी–योगी को बहुत धन्यवाद।

हम बागपत वाले हैं। अपराधियों का खौफ हमने झेला है। अब तक बातें होती थीं आज काम हो रहा है। एक वक्त था कि रात में पांच घण्टे लाइट आती थी, किसान सोए या ट्यूबवेल से पानी चलाये। जान–माल का खतरा अलग से। आज 02 बजे रात में भी निश्चिंत होकर कहीं आइए जाइये, कोई डर नहीं। बिजली भरपूर मिल रही।

**हरवीर सिंह, सहारनपुर**

योगी जी उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने वाले हैं। गन्ना किसानों का बकाया खत्म हुआ। हमारी दुश्वारी खत्म हुई। बस अनुरोध है कि बिजली बिल बकाए पर कनेक्शन न कटे। फसल अवशेष जलाने पर दंड न मिले। मुझे पूरा भरोसा है कि योगी जी हमारी बात जरूर मानेंगे।

**धर्मपाल मौर्य, लखीमपुर खीरी**

कभी सपने में नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री आवास पर सम्मान होगा। योगी जी ! आपके राज में गेहूं बुवाई समय से हुई। गन्ना के लिए ईआरपी प्रणाली की जितनी सराहना की जाए कम है। बिचौलिए खत्म करा दिए आपने। आपकी सट्टा परिवर्तन नीति से हमें बहुत लाभ हुआ है। गन्ना उपज बढ़ाने के लिये पन्चामश्त योजना बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है। बहुत आभार, धन्यवाद।

**प्रवीन कुमार, गोंडा**

किन शब्दों में धन्यवाद दूं। किसान संवाद होते बहुत देखा–सुना है, आज शामिल हुआ। सच कहूं तो भरोसा नहीं हो रहा। बचपन में नेताओं के हेलीकाप्टर के पीछे बहुत दौड़ा हूँ। आज मुख्यमंत्री जी हमें सुने। पूर्वांचल चीनी का कटोरा था। पिछली सरकारों ने सब समाप्त करने का षड्यंत्र किया। अपने मुंडेरवा और पिपराइच चीनी मिल को दोबारा चालू कराया। गोरखपुर खाद कारखाना को बंद होते देखा है, आज दोबारा चंलने जा रहा है। कोरोना में चीनी मिलें चलवाकर आपने हमें आत्महत्या करने से बचाया।

**श्यामवीर त्यागी, सहारनपुर**

हम किसान हैं। हमारी दिक्कतों का हल संवाद से होगा, ट्रैक्टर रैलियों से नहीं। किसान को क्या चाहिए, उसकी लागत से थोड़ा अधिक लाभ मिल जाए बस। यह काम पीएम मोदी ने किया है। गन्ने के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग से हमें बहुत सुविधा हुई है। छोटे से छोटा किसान एसएमएस लेकर चौधरी बना बैठा है। गन्ना पर राजनीति करने वालों की योगी जी ने तो राजनीति खत्म कर दी आपने। घटतौली पर आपकी कार्रवाईयाँ नजीर हैं। फिर भी कुछ लोग अब भी कर रहे हैं। बेहतर हो कि एक मैन्युअल कांटा भी लगाया जाए।

**वेदव्रत आर्य, मेरठ**

टीवी में देखा था 5, कालिदास मार्ग, मुख्यमंत्री आवास। आज भीतर बैठकर मुख्यमंत्री जी से बात किया। भरोसा नहीं हो रहा। योगी जी ! आपने किसान की सुरक्षा सुनिश्चित की। कभी टयूबवेल के पंखे तक गायब हो जाते थे आज तो कोई एक फावड़ा भी नहीं छूता। गन्ना पर्ची की ईआरपी प्रणाली क्रांतिकारी है।

## बकाया गन्ना भुगतान को लेकर कांग्रेसियों ने बजाज मिल गेट पर किया धरना प्रदर्शन

अवध की आवाज ब्यूरो

गोण्डा। बजाज चीनी मिल गेट पर गन्ना बकाया भुगतान को लेकर कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया। मोके पर कई थानों की पुलिस व पी एस सी रहीं मौजूद। बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया भुगतान



न किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया जिसकी अध्यक्षता देवीपाटन मंडल प्रभारी (इंटक) दिलीप कुमार शुक्ला ने किया। कांग्रेसी नेता ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह पार्टी पूंजी पतियों की पार्टी बन चुकी है। तथा गरीब मजलुम व किसान विरोधी है उन्होंने कहा कि किसान बिल लाकर मोदी सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है इस बिल से किसानों का बहुत बड़ा नुकसान होगा। सरकार द्वारा किसान बिल लाकर पुजी पतियों को सीधे लाभ मिलेगा। भाजपा शासान काल में बढ़ती मंहगाई ने किसानों की कमर तोड दी है।तो दुसरी तरफ सरकार बजाज चीनी मिल पर बीते वर्ष का बकाया गन्ना भुगतान नहीं दिला सकी भाजपा पूंजी पतियों के सामने झुक गई है।जिसे बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं दिला रहीं हैं ध्लेकिन अब कांग्रेस पार्टी किसानों के गन्ना बकाया भुगतान दिलाने के कटिबद्ध है।और किसानों की हित की लड़ाई लडती रहेगी। इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद प्रधान पंचराम जैनुलअबदीन राम सिंह, डाक्टर राज बहादुर, ओ पी शर्मा,आदि ने धरनें को संबोधित किया। तथा मौके पर सैकड़ों कांग्रेसी नेता मौजूद है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मोतीगंज थाना अध्यक्ष ब्रम्हानंद सिंह मनकापुर प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, वजीरगंज थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार,कहोवा चौंकी प्रभारी भोला शंकर करीब आधा दर्जन से ज्यादा उप निरीक्षक तथा भारी संख्या में पुलिस बल व पी एस सी के जवान तैनात रहे।

## प्राधिकरण कर्मियों की पदोन्नति के लम्बित प्रकरण एक माह में होंगे निस्तारित

### –प्राधिकरण के आवासहीन कर्मचारियों को आवंटित हो सकेंगे खाली पड़े फ्लैट, समय से होगा भत्तों का भुगतान

अवध की आवाज ब्यूरा

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की पदोन्नति के लम्बित प्रकरण एक माह में निस्तारित किये जायेंगे। इसके अलावा प्राधिकरण के आवासहीन कर्मचारियों को खाली पड़े फ्लैट आवंटित किये



जायेंगे। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बश्हस्पतिवार को अधिष्ठान विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में पॉलिसी बनाने के निर्देश जारी किये। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कर्मचारियों के देय भत्तों का समय से भुगतान करने और मश्तक आश्रितों के विचाराधीन प्रकरणों, पेंडिंग डी.पी.सी. के प्रकरण, मेडिकल भुगतान की प्रतिपूर्ति/ए.सी.पी. के निस्तारण के सम्बन्ध में जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का विवरण वित्त नियंत्रक को दिया जाये, जिसके लिए वह किसी लेखाधिकारी को नामित करेंगे। इसी के साथ कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए लम्बित डी.पी.सी. को एक माह में निस्तारित कराया जाये। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणियों कर्मचारियों को समय से वर्दी दिये जाने के लिए कार्यवाही पूर्ण की जाये। बैठक में पारिवारिक पेंशन के बारे में यह बताये जाने पर कि शासनादेश के अनुसार कार्यवाही की जा रही है, उन्होंने 15 दिनों में कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कर्मचारियों के हितों के ऐसे प्रकरण जो शासन को प्रेषित किये जाने हैं, उपाध्यक्ष ने उनकी सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संविदा और वर्कचार्ज के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के पदों को सृजित करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किया जाये। इसके अलावा प्राधिकरण के ऐसे कर्मचारी जिनके पास भवन नहीं है, उपाध्यक्ष ने उनके लिए प्राधिकरण की योजनाओं में खाली पड़े फ्लैटों को आंवटित किये जाने की नीति बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों की सर्विस की अवधि को ध्यान रखकर फ्लैटों की किश्तों को निर्धारित करने के लिए वित्त नियंत्रक को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की पदोन्नति के लम्बित प्रकरण एक माह में निस्तारित किये जायेंगे। इसके अलावा प्राधिकरण के आवासहीन कर्मचारियों को खाली पड़े फ्लैट आवंटित किये जायेंगे। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बश्हस्पतिवार को अधिष्ठान विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में पॉलिसी बनाने के निर्देश जारी किये। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कर्मचारियों के देय भत्तों का समय से भुगतान करने और मश्तक आश्रितों के विचाराधीन प्रकरणों, पेंडिंग डी.पी.सी. के प्रकरण, मेडिकल भुगतान की प्रतिपूर्ति/ए.सी.पी. के निस्तारण के सम्बन्ध में जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का विवरण वित्त नियंत्रक को दिया जाये, जिसके लिए वह किसी लेखाधिकारी को नामित करेंगे। इसी के साथ कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए लम्बित डी.पी.सी. को एक माह में निस्तारित कराया जाये। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणियों कर्मचारियों को समय से वर्दी दिये जाने के लिए कार्यवाही पूर्ण की जाये। बैठक में पारिवारिक पेंशन के बारे में यह बताये जाने पर कि शासनादेश के अनुसार कार्यवाही की जा रही है, उन्होंने 15 दिनों में कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कर्मचारियों के हितों के ऐसे प्रकरण जो शासन को प्रेषित किये जाने हैं, उपाध्यक्ष ने उनकी सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संविदा और वर्कचार्ज के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के पदों को सृजित करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किया जाये। इसके अलावा प्राधिकरण के ऐसे कर्मचारी जिनके पास भवन नहीं है, उपाध्यक्ष ने उनके लिए प्राधिकरण की योजनाओं में खाली पड़े फ्लैटों को आंवटित किये जाने की नीति बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों की सर्विस की अवधि को ध्यान रखकर फ्लैटों की किश्तों को निर्धारित करने के लिए वित्त नियंत्रक को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ गोंडा के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला

अवध की आवाज ब्यूरो


गोंडा। कोविड–19 को मद्देनजर रखते हुए शिक्षक प्रतिनिधि मंडल के लोगों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सहित लोग मिले और कहा काफी दिन से बंद पड़े स्कूलों का साफ–सफाई व सैनिटाइजेशन की व्यवस्था की जाए और शिक्षकों की जो मूलभूत समस्याएं हैं उसको महत्व दिया जाए। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने किया जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने कहा कि कोविड के कारण लंबे समय से बंद पड़े विद्यालय में पर्याप्त सैनिटाइजेशन व स्वच्छता का भाव है जिसे अभिलंब प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के पश्चात बंद पड़े जूनियर हाई स्कूल में अध्यापक विद्यालय को पदोन्नति से भरने हेतु वरिष्ठता सूची तत्काल बनाए जाने की मांग की। महामंत्री श्री अजीत कुमार तिवारी ने चयनित वेतनमान पत्र वालियों तथा अनुच्छेदों की एसीपी भी निस्तारित करने की मांग की। जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने मांग की कि मानव संपदा पोर्टल पर बाल कल्य देखभाल, चिकित्सीय अवकाश से संबंधित आवेदनों का संभवत निस्तारण किया जाए। मंडल कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का अंतिम भुगतान में त्रुटियों को अविलंब सही किया जाए और शिक्षकों को लेखा पर्ची उपलब्ध कराई जाए। यशवंत पांडे ने कहा कि




विद्यालय खुल जाने पर निशुल्क पाठ्य पुस्तक विद्यालयों में अविलंब उपलब्ध कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में विशेष रुप से उपस्थित प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार सिंह ने मांग की कि पहले स्थानांतरण किया जाए इसके पश्चात समायोजन किया जाए। इससे शिक्षा व्यवस्था सुचारु रुप से चलेगी। प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने संगठन के लेटर पैड का गलत इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाने की मांग की। ज्ञापन देने में जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, सुशील सिंह, बृजेंद्र सिंह ,अरविंद सिंह ,श्री ओम शंकर यादव ,विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर सहमति देते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## सफीपुर स्थित अलमीरा मेडिकल स्टोर पर डीएम के निर्देश पर डीआई ने मारा छापा

उन्नाव। (सू० वि०) जिलाधिकारी उन्नाव श्री रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में औषधि निरीक्षक अजय कुमार संतोषी द्वारा सफीपुर में संचालित अलमीरा मेडिकल स्टोर के विरूद्ध शिकायत मिलने पर देर शाम छापेमारी कर तीन संदिग्ध औषधियों के नमूने लिए। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर पर कई खामियाँ मिली। औषधि निरीक्षक अजय कुमार संतोषी ने बताया कि मेडिकल स्टोर में शेड्यूल एच वन की दवाइयों का रखा रखाव संबंधित रजिस्टर तैयार नहीं मिला साथ ही कयी दवाओं के क्रय संबंधित बिल भी संचालक मौके पर नही दिखा सका और मौके पर फार्मासिस्ट भी मौजूद नहीं मिला।मेडिकल स्टोर से तीन संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोग शाला लखनऊ भेजा जा रहा है। जिसके विषय में रिपोर्ट आने पर संचालक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही



की जायेगी। मेडिकल स्टोर संचालक के विरूद्ध लाइसेंस निलंबन हेतु एक पत्र सहायक औषधि आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ को भी भेजा गया है।

## जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय बनगांव के परिसर में चयन ट्रायल का किया आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। को विकासखंड कटरा बाजार के शिक्षकों ने जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमें विकासखंड की सशक्त टीम का चयन किया गया उक्त जानकारी देते हुए विकासखंड के पीटीआई ने बताया कि टोक्यो ओलंपिक के विजेता खिलाड़ियों हुआ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति में जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त 2021 को जनपद मुख्यालय पर किया गया है जिसमें विकासखंड कटरा बाजार शिक्षक खिलाड़ी साथियों



प्रतिभाग दिलाने हेतु विकासखंड कटरा बाजार की टीम का चयन किया गया।

## बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से फिर एक गाय की गई जान

अवध की आवाज ब्यूरो

*लखीमपुर खीरी। थाना निघासन झंडी चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग के मजरा बबुरी गांव में। आज बीत रात बिजली के खम्भे से पानी में करंट उतरने से हरिराम के घर के पास गांव के रोड पर एक बेजुबान गाय पानी पीने गई थी। पानी में करंट उतरने से गाय की हो गई मौत। इससे पहले ग्राम वासियों ने बारिश के पानी भरने से इस खम्भे के तार से बिजली करंट पानी में उतर जाती थी। बिजली विभाग को सूचना बबुरी गांव के लोगों ने। स्थानीय लाइनमैन बिनौरा निवासी जाहिद, को इस समस्या से कई बार अवगत कराया था। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। आखिर में बिजली के करंट से गाय की हुई दर्दनाक मौत। घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना लाइनमैन जाहिद को दी गई। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ। मेरा आला उच्च अधिकारियों से निवेदन है। बिजली की करंट उतने कि इस समस्या को दूर करवाने की कृपा करे।*

# सम्पादकीय

## चिंता का सबब बनता नशे का फैलता जाल

मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। भारत में मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिये लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है।

रईसजादे युवक–युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी–कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के–लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है किआज देश का कोई ऐसा महानगर नहीं है, जहां रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ्य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप है। कोकीन हो या अन्य ऐसे ही मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ये तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं। ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं।

युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल–कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं।

देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है तथा देश के सामाजिक और आर्थिक ढ़ांचे को पंगु बना रहा है। एकबार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है।

अधिकांश लोगों में गलत धारणा है कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच–विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यह है कि नशे के शिकार लोगों की सोच–विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है तथा उनके कार्यों में भी कोई तालमेल नहीं रहता। इनके सेवन से कुछ समय के लिए संकोच की भावना जरूर मिट जाती है लेकिन अंततः इससे शरीर की सामान्य कार्यक्षमता में गिरावट आती है। दरअसल नशीली दवाएं या नशीले पदार्थ ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं।

कोई भी रसायन, जो किसी व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली में बदलाव लाए, मादक पदार्थ कहलाता है और जब इन मादक पदार्थों का उपयोग किसी बीमारी के इलाज या बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवा के तौर पर किया जाए तो यह मादक पदार्थों का सही उपयोग कहलाता है लेकिन जब इनका उपयोग दवा के रूप में न होकर इस प्रकार किया जाए कि इनसे व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचे तो इसे नशीली दवाओं का दुरूपयोग कहा जाता है। मादक पदार्थों के सेवन का आदी हो जाने पर व्यक्ति में प्रायः कुछ लक्षण प्रकट होते हैं, जिनमें खेलकूद और रोजमर्रा के कार्यों में दिलचस्पी न रहना, भूख कम लगना, वजन कम हो जाना, शरीर में कंपकंपी छूटना, आंखें लाल, सूजी हुई रहना, दिखाई कम देना, चक्कर आना, उल्टी आना, अत्यधिक पसीना आना, शरीर में दर्द, नींद न आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, आलस्य, निराशा, गहरी चिन्ता इत्यादि प्रमुख हैं। सुई के जरिये मादक पदार्थ लेने वालों को एड्स का खतरा भी रहता है।

देशभर में नशे का अवैध व्यापार तेजी से फल–फूलने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि नशे के सौदागरों के लिए मादक पदार्थों की तस्करी सोने का अंडे देने वाली मुर्गी साबित हो रही है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती रही है और अवसर मिलते ही ये मादक पदार्थ तस्करी के जरिये पश्चिमी देशों में पहुंचा दिए जाते हैं। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए सबसे अच्छा रास्ता बन गया है।

हालांकि नशे के अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए हमारे यहां अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े कानून हैं, फिर भी अपराधी अक्सर कानून की कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं। यही कारण है कि मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भारत में निरंतर फल–फूल रहा है। आज युवा पीढ़ी जिस कदर मादक पदार्थों की शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर समाज का कर्तव्य है कि वह युवा वर्ग का मार्गदर्शन करते हुए उसे उचित मार्ग दिखलाए और गलत मार्ग पर चलने से रोके। ऐसे कार्यों को केवल सरकार के ही भरोसे छोड़ देना उचित नहीं बल्कि समाज को भी इस दिशा में ठोस पहल करनी होगी।

## पीएम आवास योजना व मनरेगा योजना में चल रहा भारी बंदरबांट

### प्रधानों ने पासबुक को लिया कब्जे में तो पंचायतमित्रों ने लगाई फर्जी हाजरी।

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। अभी हाल ही में हुए ग्राम पंचायत चुनाव में जीते प्रधानों में कुछ प्रधान तो जनता की सेवा में लग गए है तो वही कुछ प्रधान अपनी जेब की सेवा करने लगे है। जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखण्ड निघासन का आलम यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना जिसमें हर लाभार्थी को पहली किस्त प्राप्त करने से पहले चढ़ावा की सीढ़ी चढ़ना पड़ता है। वो चढ़वा 10 हजार से 20 हजार तक हो सकता। प्रधान जी ने हद तो तब पार कर दी जब लाभार्थी की पासबुक से लेकर आधारकार्ड को भी अपने कब्जे में ले लिया कि कहीं लाभार्थी आवास का पैसा बिना उनकी मर्जी से निकाल न ले। कई ऐसे भ्रष्ट कारनामे है जिनके चलते यूपी के ईमानदार सीएम योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता लगाया जा रहा है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजना जिससे गरीबों को रोजगार मिल सके मगर इस योजना ने तो खुद को भ्रष्टाचार में आकंठ तक ही डूबा लिया। जिम्मेदार इस योजना के तहद ऐसे लोगों की हजारी लगा रहे है जिनको फावड़ा तक पकड़ना नही आता और न ही वो कभी काम पर गए। ऐसे भ्रष्ट कारनामों के चलते मनरेगा योजना के तहद जिम्मेदार कमा रहे हजारों लाखों मगर शायद उनको ये नही पता कि भगवान की लाठी में आवाज नही होती और जब वह किसी पर पड़ती है तो उच्चाधिकारियों जिनके पास इन भ्रष्ट कारनामों का चढ़ावा जाता है वो अधिकारी भी चिल्ला उठेंगे। बचपन में हम सभी ने सुना होगा कि दाल में कुछ काला है मगर जब हम बड़े हुए तो देखा कि कुछ भ्रष्ट लोगों की वजह से पूरी दाल ही काली है। ऐसे भ्रष्ट लोगों के सिर्फ चेहरे बदलते है चरित्र नही। विकासखंड निघासन क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर हमसे बताया कि मनरेगा योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रहे गोलमाल के सारे सबूतों के साथ शासन में शिकायत करेंगे। अगर उस शिकायत से कुछ नही हुआ तो कोर्ट का सहारा लेंगे। उसने यह भी बताया कि पिछले कार्यकालों के भी सबूत मौजूद है। भ्रष्टाचार की चादर ओढ़ अपनी जेबों को झांकने वालों पर जल्द गिर सकती है कार्यवाही की गाज ।

## पुलिया गड्ढों में तब्दील हुई है सडक पर हुए बड़े बड़े गढढे दुर्घटना को दावत दे रहे है।

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। सिंगाही खीरी विकास खण्ड निघासन में सिंगाही से अंतरराष्ट्रीय दुधवा नेशनल पार्क तक जाने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क कई सालों से मरम्मत के अभाव में पहले से ही जर्जर थी अभी लगातार दो दिनों से हो रही घनघोर बारिश में खैरीगढ़ से पचपेड़ा को जाने वाली पुलिया पानी के बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं जो राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है। और जल्द ही इस सड़क की मरम्मत का इतंजार कर रही है। पीडबलूडी विभाग सब कुछ जान कर अंजान बना हुआ है जर्जर सडक एवं पुलिया में बड़े बड़े गढढे हदसे को दावत दे रहे है। जल्द ही बरसात से छतिग्रस्त हुई पुलिया की मरम्मत नही कराई गई तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



## छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरा

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण मे महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम एवं संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा छेड़खानी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।




## रामनाथ कोविंद ने किया था गोरखपुर को "नॉलेज सिटी" बनाने का आह्वान

गोरखपुर, (वेब वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 28 अगस्त को गोरखपुर के दौरे पर आ रहे हैं। गोरक्षपीठ के बुलावे पर गोरखपुर का यह उनका दूसरा दौरा है। दूसरी बार गोरखनाथ मंदिर के शैक्षिक प्रकल्प के समारोह में शामिल होने वाले रामनाथ कोविंद को गोरक्षपीठ की धर्म, अध्यात्म, योग व शिक्षा के जरिए लोक कल्याण की समृद्ध परंपरा का बखूबी ज्ञान है। शायद यही वजह है कि योगमय भक्ति की शक्ति, स्वास्थ्य व शिक्षा की सेवा से प्रभावित होकर रामनाथ कोविंद ने अपने पहले दौरे में गोरखपुर को "नॉलेज सिटी" बनाने का आह्वान किया था। धर्म, योग, अध्यात्म और शिक्षा प्रसार के जरिए लोक कल्याण ही गोरक्षपीठ की परंपरा है। इसके दर्जनों शैक्षिक प्रकल्पों की अपनी विशेष ख्याति है। 28 अगस्त को गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय का लोकार्पण कर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अब एक बार फिर गोरक्षपीठ के 'शिक्षा के जरिये सेवा' की भावना को बल देंगे। महायोगी गुरु गोरक्षनाथ उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विश्वविद्यालय की नींव रखते वक्त अपने आह्वान को साकार होता देखेंगे। गोरक्षपीठ के बुलावे पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहली बार 10 दिसम्बर 2018 को भी गोरखपुर आये थे। तब उन्होंने गोरखनाथ मंदिर द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। राष्ट्रपति ने तब गोरखपुर को "नॉलेज सिटी" बनाने का आह्वान किया था।

## अंर्तजनपदीय वाहन चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे,चोरी की 09 मोटरसाइकिल बरामद व चार वाहन चोर गिरफ्तार




अवध की आवाज ब्यूरा

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा चार अंर्तजनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 09 मोटरसाकिलें बरामद की गई उ0नि0 प्रेम नरायण सरोज व उ0नि0 जन्मेदय सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा अन्तः जनपदीय एवं गैर जनपदीय मोटरसाइकिल चोरों 1. योगेन्द्र सिंह उर्फ विक्की पुत्र स्व0 राजू सिंह निवासी ग्राम बक्तूखेड़ा थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र 25 वर्ष, 2. राजन पुत्र सन्तोष कश्यप उम्र 20 वर्ष निवासी दिरगजखेड़ा मजरा अजगैन थाना अजगैन जनपद उन्नाव , 3. राहुल पुत्र राम बरन उम्र 22 वर्ष निवासी देवीखेड़ा मजरा कुसुम्भी थाना अजगैन जनपद उन्नाव , 4. अमरदीप पुत्र किशनपाल उम्र 25 वर्ष निवासी जरुआखेड़ा मजरा मलांव थाना अजगैन उन्नाव को मौके पर दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों की निशांदेही पर 07 अदद मोटर साइकिल जो कि छुपा कर खड़ी की गई थीं, बरामद की गई।

## मुन्नवर राणा के बेटे की कोर्ट में पेशी, 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

रायबरेली, (वेब वार्ता)। मशहूर शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज राणा को रायबरेली की सीजेएम कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बुधवार की रात लखनऊ स्थित उसके आवास से तबरेज को गिरफ्तार करके रात में ही सीजीएम कोर्ट में पेश किया था। वहीं तबरेज की गिरफ्तारी के बाद उसकी मां–बहने भी पुलिस की गाड़ियों के साथ–साथ रायबरेली पहुंची और पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने मीडिया को बताया कि कोर्ट से वारंट लेकर बुधवार को इंस्पेक्टर कोतवाली और स्वॉट टीम के प्रभारी ने लखनऊ से उसकी गिरफ्तारी करके कोर्ट में पेश किया हैढ । एएसपी ने बताया कि तबरेज पर खुद पर हमला कराने और फर्जी मुकदमा लिखाने का मामला दर्ज हुआ था। उसने अपने चाचा लोगों को झूठा फंसाने की कोशिश किया। वहीं तबरेज की बहन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नॉन बेएबल धारा में दर्ज मुकदमे में पुलिस उसे गिरफ्तार करके लाई हैढ। तबरेज की बहन ने बताया कि हम लोग लखनऊ स्थित अपने घर में बैठे हुए थे, रोजे से थे, तभी दरवाजा नॉक हुआ और जब खोला तो पकड़ कर ले आए। बता दें कि तबरेज ने बीती 28 जून को लखनऊ–प्रयागराज हाइवे पर त्रिपुला चौराहे पर स्थित एक पेट्रोलपंप के बाहर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने एफआईआर में अपने चार चाचा और एक चचेरे भाई को हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पेट्रोलपंप और आसपास के सीसीटीवी के फुटेज देखने के बाद तबरेज को ही खुद हमले की साजिश रचने का आरोपी पाया था। पुलिस ने इस साजिश में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है।



## कानपुर में मकान की छत ढहने से दम्पति समेत चार दबे, दो मासूम बच्चों सहित तीन की मौत

कानपुर, (वेब वार्ता)। जिले के थाना बेकनगंज इलाके में स्थित एक मकान की छत ढह गई। हादसे में दम्पति व दो बच्चों समेत चार लोग दब गए। सूचना पर बिना समय गवांए पहुंची पुलिस व दमकल की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में महिला व दोनों बच्चों समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गृहस्वामी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बेकनगंज के रिजवी रोड हीरामन का पुरवा में 40 वर्षीय शमी उर्फ राजू, पत्नी रुखसाना (35) और बेटी शिफा (07) व बेटे नोमान (04) के साथ रहते हैं। उनका घनी आबादी में स्थित तीन मंजिला मकान का काफी जर्जर हालत में था। गुरुवार की सुबह अचानक जब पूरा परिवार सो रहा था,तभी उनकी छत ढह गई। तेज आवाज के साथ गिरे मकान की छत के मलबे में पूरा परिवार दब गया। घटना को लेकर चीख–पुकार सुन मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के मिलते ही छह मिनट के अंदर बेकनगंज पुलिस और एसीपी अनवरगंज मो0 अकमल पहुंच गए और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने मलबे में दबे हुए दम्पति और उनके दोनों बच्चों को बाहर निकालकर उर्सला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान महिला रुखसाना, बेटी शिफा व बेटे नोमान को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि राजू की हालत गंभीर बनी है। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान सकरी गली में गिरे मकान की छत के मलबे में दबे लोगों को निकालने में अग्निशमन कर्मी दीपेंद्र भी घायल हो गये। घायल हालत में उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। इस सम्बंध में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पूर्वी अनूप सिंह ने बताया कि बेकनगंज इलाके में एक मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के चार लोग दब गए थे। सभी को रेस्क्यू कर बाहर निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां महिला व दो बच्चों को मश्त घोषित कर दिया गया। वहीं गश्हस्वामी की हालत डाक्टर स्थिर बता रहे हैं। डीसीपी ने बताया कि मलबा हटा दिया गया है। अब वहां किसी के दबे होने की आशंका नहीं है। रिजवी रोड पर मकान गिरने की घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य चलाने और पीड़ितों की उचित सहायता के निर्देश दिए हैं।



## मुजफ्फरनगर में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक लड़की का अपहरण और उससे बलात्कार करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 वर्षीय लड़की के परिवार द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक ने बुधवार को लड़की से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि लड़की को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## राष्ट्रपति आगमन : चप्पे–चप्पे पर पुलिस की रहेगी निगाह, "परिंदा" भी नहीं फड़फड़ा पायेगा "पंख"

गोरखपुर, (वेब वार्ता)। 28 अगस्त को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला काफी सतर्क व सावधान है। सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर भी है। इसका अंदाजा सिर्फ पुलिस फोर्स की तैनाती और तकनीक की ली जा रही सहायता से लगाया जा सकता है। आलम यह है कि राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए न सिर्फ दो डीआईजी को तैनाती दी गई है बल्कि तेरह पुलिस अधीक्षकों (एसपी) व 15 एडिशनल एसपी को भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। ढाई हजार दारोगा–सिपाही, पीएसी, पैरा मिलिट्री फोर्स की कंपनियां भी निगहबानी करेंगी। पैरा मिलिट्री फोर्स की पांच और पीएसी की 10 कंपनियां शामिल हैं। सुरक्षा मुख्यालय से व्यवस्था में लगे अफसर गोरखपुर पहुंच चुके हैं। गोरखपुर जिला हाईअलर्ट पर है। सुरक्षा संबंधी जांच तेज कर दी गयी है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किया जा रहा है। यहां तक कि होटल, सराय, ढाबा जैसे स्थानों की चेकिंग भी शुरू कर दी गयी है। यह चेकिंग न सिर्फ राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले मार्गों के किनारे हो रही है बल्कि पहले से चिह्नित संवेदनशील अन्य स्थलों की भी शुरू है। इसके अलावा चिलुआताल के आसपास एनडीआरएफ की टीम भी तैनात है। गोताखोर भी पूरे समय अपनी ड्यूटी बजायेंगे। राष्ट्रपति को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए सुरक्षा में कोई कोर–कसर नही छोड़ा जा रहा है। इनके काफिले में शामिल हर वाहन और व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में होगा। इसके लिए शहर के ऐसे सभी रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिधर से राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा। अभी से इसकी तैयारी शुरू है और एयरफोर्स से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

## सेहत
### जानें कोलेस्ट्रोल के बारे में..

जब भी कोलेस्ट्रोल का नाम आता है तो हम सोचते हैं कि इसका वास्ता दिल से होता है और ये दिल को नुकसान भी पहुंचाता है। लेकिन कोलेस्ट्रोल हमेशा ही बुरा नहीं होता बल्कि एक निर्धारित मात्रा में कोलेस्ट्रोल होना बेहद जरूरी है। जानिए कैसे आपकी सेहत में कोलेस्ट्रोल असर करता है।

कोलेस्ट्रोल वैक्स जैसा एक तत्व होता है, जो हमेशा बुरा नहीं होता। शरीर को सामान रूप से काम करने और इसके सिस्टम की बायोकेमिकल प्रक्रियाओं के लिए अच्छे कोलेस्ट्रॉल की हम सबको जरूरत होती है। अच्छा कोलेस्ट्रॉल है–हाई डेंसिटी लीपोप्रोटीन यानी एचडीएल और बुरा कोलेस्ट्रॉल है–लो डेंसिटी लीपोप्रोटीन यानी एलडीएल, ये दोनों ही शरीर में बनते हैं। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बुरा होता है क्योंकि यह प्लाक बनाता है, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल अच्छा होता है क्योंकि यह बुरे कोलेस्ट्रॉल से लड़ता है और इसे हटाता है। खून में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का बढ़ना एक खतरनाक स्थिति होती है क्योंकि इसका परिणाम स्ट्रोक और हार्ट अटैक के रूप में सामने आ सकता है। बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए खाने में इसकी मात्रा कम करें और अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाएं।

शरीर में एचडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है शारीरिक व्यायाम करना। तो अपने जीवनशैली में बदलाव लाएं–शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, खाने में सैचुरेटेड फैट और जंक फूड की मात्रा घटाएं–इससे आपका दिल स्वस्थ रहेगा।

## पत्नी संग मारपीट के आरोपों के बीच हनी सिंह ने अनाउंस किया नेहा कक्कड़ संग 'कांटा लगा' पार्टी एंथम

मुंबई, (वेब वार्ता)। यो यो हनी सिंह पर कुछ दिनों पहले उनकी पत्नी शालिनी तलवार ने



घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। अब हनी सिंह ने अपने न्यू म्यूजिक वीडियो को लेकर घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। यो यो हनी सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा कक्कड़ भाई–बहनों – नेहा और टोनी के साथ एक म्यूजिक वीडियो बनाने जा रहा हूं। तीनों सिंगर 'कांटा लगा' पार्टी एंथम सॉन्ग के लिए एक साथ आए हैं। यो यो हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा,'साल के सबसे बड़े कोलाब के लिए तैयार हो जाओ! जल्द ही आ रहा है। यो यो हनी सिंह ने इससे पहले उस वक्त सुर्खियों में आ गए थे जब उनकी पत्नी शालिनी ने उन पर मारपीट के आरोप लगाए थे। तब हनी सिंह ने सफाई देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा,'मैं अपने और मेरे परिवार के खिलाफ 20 साल की साथी / पत्नी, श्रीमती शालिनी तलवार ने जो आरोप लगाए हैं वह सभी झूठ हैं। और मैं इन आरोपों से बहुत दुखी हूं। सिंह ने अपने बयान में कहा कि कई पहलुओं पर आलोचना के बावजूद उन्होंने पहले कभी कोई सार्वजनिक बयान या प्रेस नोट जारी नहीं किया, हालांकि, उन्होंने इस बार ऐसा करने का फैसला किया क्योंकि आरोप उनके परिवार – माता–पिता और बहन पर भी लगाए गए हैं। हनी सिंह ने पत्नी के लगाए गए सभी आरोपों शर्मनाक और अपमानजनक बताया है।

## पति राज कुंद्रा की गिरफ्तारी के बीच छलका शिल्पा शेट्टी का दर्द, कहा- नहीं दबा सकती पॉज बटन

मुंबई, (वेब वार्ता)। ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी पिछले कुछ हफ्तों से बहुत ही मुश्किल वक्त से गुजर रही हैं। जुलाई 2021 में पति राज कुंद्रा को पॉर्न फिल्म बनाने के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से तो शिल्पा का जीना मुहाल ही हो गया। उन्होंने डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर चौप्टर 4' की शूटिंग से भी दूरी बना ली थी। हालांकि अब शिल्पा शो में वापसी कर चुकी हैं और इस मुश्किल वक्त में खुद को पॉजिटिव और स्ट्रॉन्ग रखने की कोशिश कर रही हैं। इसी कोशिश के बीच शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह मुश्किल वक्त और जिंदगी के सच को लेकर बड़ी बात कह गई हैं। शिल्पा शेट्टी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर किसी किताब का एक पेज शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि नेगेटिव और स्ट्रेस से भरी लाइफ हो जाने पर आगे बढ़ना और जीना कितना जरूरी है। इसमें लिखा है, 'हम अपनी जिंदगी में 'पॉज' का बटन नहीं दबा सकते। हर दिन मायने रखता है फिर चाहे हम अपना बेस्ट कर रहे हों या फिर सबसे खराब। लेकिन अगर हमारी जिंदगी बेहद तनावपूर्ण और टेंशन भरी बन जाए तो क्या हम सच में टाइम आउट कर सकते हैं? चाहे कुछ भी हो, लेकिन हमारी जिंदगी की घड़ी हमेशा चलती रहती है। एकमात्र चीज जो सच में हमारे



पास है, वह है वक्त। इसलिए बेहतर है कि उस वक्त को हमेशा के लिए खो देने के बजाय हर पल को जीया जाए।'

'भले ही लाइफ में मेरा मन कितना भी टाइम आउट करने का करे, लेकिन मैं हर पल को जी भरके जीना चाहूंगी।' इस नोट को शेयर करते हुए शिल्पा शेट्टी ने लिखा है, 'हर पल जीयो'। कुछ हफ्ते पहले शिल्पा शेट्टी ने एक अन्य किताब का एक पेज इंस्टा स्टोरी पर शेयर कर उन परिस्थितियों के बारे में बताने की कोशिश की थी, जिनसे वह गुजर रही हैं। उस पोस्ट में शिल्पा ने इशारा दिया था कि वह हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। इसी विश्वास के साथ शिल्पा 'सुपर डांसर 4' में वापसी कर चुकी हैं। शो में जब शिल्पा का गीता कपूर और अनुराग बसु समेत सारे कंटेस्टेंट्स ने जोरदार स्वागत किया तो वह रो पड़ी थीं।

## टॉलीवुड हस्तियों को ईडी का समन, ड्रग रैकेट पर फिर से चर्चा तेज

हैदराबाद, (वेब वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 10 तेलुगु फिल्म हस्तियों को तलब करने के साथ, चार साल पहले फिल्म उद्योग को हिलाकर रख देने वाले ड्रग्स रैकेट पर फिर से चर्चा शुरू हो गई



है। ईडी ने ड्रग्स रैकेट से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत बुधवार को टॉलीवुड से जुड़े 10 लोगों और एक निजी क्लब मैनेजर सहित दो अन्य को नोटिस जारी किया। ईडी ने एक्टर रकुल प्रीत सिंह, राणा दग्गुबाती, रवि तेजा, चार्मी कौर, नवदीप, मुमैथ खान और निर्देशक पुरी जगन्नाध को 31 अगस्त से 22 सितंबर के बीच पेश होने को कहा है। तलब करने वालों में तनीश, नंदू, अभिनेता रवि तेजा के ड्राइवर श्रीनिवास भी शामिल हैं। इस मामले ने टॉलीवुड में हलचल पैदा कर दी है क्योंकि दो प्रमुख अभिनेताओं की दो साल पहले तेलंगाना उत्पाद शुल्क और निषेध विभाग के विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा पूछताछ नहीं की गई थी, उन्हें भी ईडी ने तलब किया है। टॉलीवुड सर्किल फिल्मी हस्तियों से ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी संभावित संलिप्तता के बारे में पूछताछ से चिंतित हैं। हालांकि, ईडी के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अभी के लिए उन्हें केवल गवाह के रूप में ही माना जाएगा। रकुल प्रीत को छह सितंबर को जबकि राणा को आठ सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। दोनों पहले एसआईटी द्वारा पूछताछ की गई हस्तियों की सूची में नहीं थे। ईडी ने रवि तेजा को नौ सितंबर और मुमैत खान को 15 सितंबर को पेश होने को कहा है। पिछले महीने हैदराबाद की एक अदालत ने तेलंगाना के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग के विशेष जांच दल द्वारा दायर आरोपपत्र को स्वीकार कर लिया था। ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ 2 जुलाई, 2017 को हुआ था, जब सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक संगीतकार केल्विन मस्कारेनहास और दो अन्य को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से 30 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की थी। उन्होंने कथित तौर पर जांचकताओं को बताया था कि वे फिल्मी हस्तियों, सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और यहां तक कि कुछ कॉर्पोरेट स्कूलों के छात्रों को ड्रग्स की आपूर्ति कर रहे थे। कुछ टॉलीवुड हस्तियों के मोबाइल नंबर कथित तौर पर उनकी संपर्क सूची में पाए गए।

आबकारी विभाग ने व्यापक जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। कुल 12 मामले दर्ज किए गए, 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि टॉलीवुड से जुड़े 11 लोगों सहित 62 लोगों की एसआईटी ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 67 और आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत जांच की। एसआईटी ने पूछताछ के लिए पेश होने वालों में से कुछ के खून, बाल, नाखून और अन्य नमूने एकत्र किए थे और उन्हें विश्लेषण के लिए भेजा था।

अभिनेता रवि तेजा, चार्मम कौर, मुमैथ खान, जाने–माने निर्देशक पुरी जगन्नाथ और युवा अभिनेता तरुण कुमार और पी. नवदीप उन सितारों में शामिल थे, जिनसे एसआईटी ने पूछताछ की थी। सिनेमैटोग्राफर श्याम के. नायडू, अभिनेता सुब्बाराजू, तनिश, नंदू और रवि तेजा के ड्राइवर श्रीनिवास से भी पूछताछ की जा चुकी है।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द का गुरुवार से 4 दिवसीय यूपी दौरा

लखनऊ, (वेब वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द गुरुवार से यूपी के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह लखनऊ के साथ गोरखपुर और अयोध्या जाएंगे। इससे पहले उनका जून में पांच दिन का कानपुर, कानपुर देहात तथा लखनऊ का दौरा था। राष्ट्रपति के जारी कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ में वह दो दिन कार्यक्रम में रहेंगे। उनका रात्रि प्रवास राजधानी में ही रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अमौसी पर दिन में 11:30 पर आ जाएंगे। वहां पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया उनका स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधा राजभवन पहुंचेंगे। लखनऊ में गुरुवार को शाम को वह बाबा साहेब डॉ.भीमराव आम्बेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। राष्ट्रपति कोविन्द बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर केन्द्रीय विवि के दीक्षा समारोह में सात मेधावियों को स्वर्ण पदक देंगे। इसके साथ ही वह समाजसेवी व इंजीनियर सोनम वांगचुक को विज्ञान में डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करेंगे। यहां पर राष्ट्रपति का संबोधन शाम 5:40 बजे से होगा। इसके बाद वह 6:15 बजे राजभवन जाएंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द शुक्रवार को सुबह 10:50 बजे परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय सैनिक स्कूल सरोजिनी नगर में स्कूल के 75 वर्ष पूरा होने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रपति कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल में 60 मिनट का कार्यक्रम होगा। राष्ट्रपति यहां पर बालिकाओं के लिए छात्रावास के निर्माण की रखेंगे आधारशिला इसके साथ ही कैप्टन मनोज पांडेय यूपी सैनिक स्कूल की 75वीं जयंती पर आधारित पोस्टल स्टांप का विमोचन करेंगे। यहां पर आधुनिक प्रेक्षागृह का लोकार्पण करेंगे। छात्र व छात्रा कैडेट्स राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देंगे। सैनिक स्कूल के बच्चे यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। राष्ट्रपति वर्ष 1960 से लेकर अब तक के देश के इस पहले सैनिक स्कूल के सफर पर आधारित डाक्युमेंट्री का अवलोकन करेंगे। इसके बाद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन होगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द शुक्रवार को लखनऊ में संजय गांधी पीजीआइ के 26 वें दीक्षांत समारोह में भी शिरकत करेंगे। यहां पर भी उनका करीब एक घंटा का कार्यक्रम शाम पांच से छह बजे तक होगा। समारोह में छात्रों को डिग्री दी जाएगी। साथ ही, तीन एक्सीलेंस अवार्ड दिए जाएंगे। प्रो.एसआर नायक अवार्ड फार आउट स्टेंडिंग इनवेस्टीगेटर, प्रो. एसएस अग्रवाल फार एक्सीलेंस रिसर्च अवार्ड और प्रो.आरके शर्मा बेस्ट डीएम स्टूडेंट अवार्ड भी इस मौके पर दिया जाएगा। इन नामों की घोषणा समारोह के दौरान ही की जाएगी। राष्ट्रपति 28 को गोरखपुर के कार्यक्रम के बाद शाम को लखनऊ वापसी करेंगे। इसके बाद 29 अगस्त – लखनऊ के चारबाग स्टेशन से सुबह नौ बजे प्रेसिडेंशियल ट्रेन से अयोध्या रवाना होंगे। अयोध्या में उनका आगमन 11.30 बजे होगा। यहां पर उनका रामलला तथा हनुमान गढ़ी में दर्शन–पूजन का कार्यक्रम है। इसके बाद वह प्रेसिडेंशियल ट्रेन से लखनऊ वापसी करेंगे। 29 अगस्त को प्रेसिडेंशियल ट्रेन के संचालन के कारण रेलवे लखनऊ से अयोध्या तक छह घंटे सभी ट्रेनों का संचालन बंद करेगा। राष्ट्रपति सुबह नौ बजे लखनऊ से अयोध्या जाएंगे। इस दौरान कई जरूरी ट्रेनों के रूट बदले जाएंगे।

## सेजल कुमार : इंजीनियरिंग गर्ल्स 2.0 मेरे किरदार के ग्रोथ के बारे में है

मुंबई, (वेब वार्ता)। सेजल कुमार ने बताया है कि इंजीनियरिंग गर्ल्स का दूसरा सीजन पहले भाग से कैसे अलग सीजन है। अभिनेत्री का कहना है कि नया सीजन उनके चरित्र के विकास के बारे में है। होते हैं। सेजल ने कहा कि पहले सीजन में प्रतिक्रिया और समीक्षाओं उदार और सकारात्मक थी। हर कोई बहुत खुश था कि शो कितना प्यारा और संबंधित है। सबसे मजेदार बात जो मुझे दिखी वह




बरखा सिंह और कृतिका अवस्थी की विशेषता और अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित नया सीजन, मग्गू, साबू और कियारा के इर्द–गिर्द घूमता है । अब वे कॉलेज के बाद जीवन के बारे में गंभीर होने लगे हैं, क्योंकि यह उनका अंतिम वर्ष है। नया सीजन में आप देखेंगे कि कैसे वे दैनिक दुस्साहस का अनुसरण करते है और कैसे वे अपने सपनों को साकार करने के लिए हर स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता हल करने के लिए एक साथ आते हैं, बेहतर और मजबूत यह थी कि लोग नहीं जानते थे कि मैं अभिनय करती हूं और जब उन्होंने मुझे पहले सीजन में देखा, तो उनकी प्रतिक्रिया इस बात पर थी कि मैंने अच्छा अभिनय कैसे किया। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों के लिए यह बहुत ही आश्चर्यजनक था और इसलिए उन्हें शो में मेरा चरित्र पसंद आया। सीजन 2 सीजन 1 से बहुत अलग है। हम सभी अपने अंतिम वर्ष में हैं और चीजें थोड़ी गंभीर हैं। नए सीजन का प्रीमियर 27 अगस्त को जी 5 पर जारी होगा।

## निःशुल्क विधुत चलित चाक वितरण के आवेदन पत्र 10.09. 2021 तक आमंत्रित

माधौगढ़ (जालौन) जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जालौन स्थान उरई द्वारिका प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी–कला टूल किट्स वितरण योजना के अर्न्तगत माटी कला के कार्य से जो प्रजापति समाज के कामगारों/हस्तशिल्पियों के द्वारा किये जा रहे है। उनके लिये योजनान्तर्गत निःशुल्क विधुत चलित चाक वितरण के आवेदन पत्र 10.09. 2021 तक आमंत्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत वर्ष 2021–22 मे 40 कामदारों/हस्तशिल्पियों को चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना की पात्रता लाभार्थी इस जनपद का मूल से निवास हो, शैक्षणिक योग्यता–साक्षर हो आधार कार्ड, जाति प्रणाम पत्र, निवास प्रणाम पत्र एवं कार्य करने का फोटोग्राफ आवेदन पत्र के साथ लगाना अनिवार्य है, आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष हो एवं वर्तमान समय में मिट्टी का बर्तन बनाने का कार्य कर हों, वे लाभार्थी सम्बन्धित प्रणम पत्रों सहित उपरोक्त तिथि के अन्दर अविलम्ब इस कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदन पत्रों पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। योजनान्तर्गत आवेदन पत्र कार्यालय कार्य–दिवस में प्राप्त किये जा सकते है, अधिक जानकारी के लिये जिला खादी तथा ग्रामोद्योग कार्यालय जालौन स्थान उरई( नया पटेल नगर, चुर्खी रोड कलेक्ट्रेट गेट नं0 02 के सामने उरई) मे इस नम्बर पर सम्पर्क 9580503138

## सरकारी पैसे के गबन के आरोप में कृषि विवि के सहायक कुलसचिव बर्खास्त

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। मोदीपुरम स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डीएस यादव को कुलपति ने बर्खास्त कर दिया है। उन पर उच्च न्यायालय की फीस एवं हवाई यात्रा और अन्य मदों में 18 लाख रुपये के गबन का आरोप है। कृषि विवि के कुलपति डॉ आरके मित्तल ने स्थानीय मीडिया को बताया, 'डीएस यादव पर गबन का आरोप था। उन पर जो आरोप लगे थे, वह कमेटी की जांच में सही पाए गए जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। कुलपति के अनुसार इसकी सूचना राजभवन को भी दे दी गई है।' गौरतलब है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में देवेंद्र यादव लगभग 16 वर्ष पूर्व विधिक अधिकारी के पद पर तैनात हुए थे। इसके बाद आठ दिसंबर 2008 को उन्हें सहायक कुलसचिव बनाया गया था। देवेंद्र यादव पर उच्च न्यायालय संबंधित और विवि के अन्य कार्यों की देखरेख की जिम्मेदारी थी। इसका भुगतान विवि के सरकारी खर्चे से किया जाता था। यादव पर 2016 में आरोप लगा कि उन्होंने कृषि विवि के लगभग 18 लाख रुपए का दुरुपयोग किया। 2016 के तत्कालीन कुलपति ने उनपर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। सरकारी धन के गबन के मामले में सहायक कुलसचिव को जेल भी जाना पड़ा था। इस मामले में कुलपति डा. आरके मित्तल ने एक कमेटी बनाई थी। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद बुधवार शाम सहायक कुलसचिव को बर्खास्त कर दिया गया और सहायक कुलसचिव की सभी सेवाएं बंद करने का आदेश जारी किया गया।

## गन्ने के एफआरपी में वशृद्धि पेट्रोल, डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मुकाबले अपर्याप्त : टिकैत

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने मिलों द्वारा गन्ना किसानों को दिए जाने वाले न्यूनतम मूल्य में वशृद्धि को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर "अपर्याप्त" बताया। मिलों को, गन्ना किसानों को प्रति क्विंटल पांच रुपये अधिक देना होगा।केंद्र सरकार ने बुधवार को 2021–22 के नये विपणन सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी (एफआरपी) मूल्य पांच रुपये बढ़ाकर 290 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। हालांकि, इसके साथ ही सरकार ने चीनी के बिक्री मूल्य में तत्काल बढ़ोतरी से इनकार किया है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बुधवार को हुई बैठक में 2021–22 के विपणन वर्ष (अक्टूबर–सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य बढ़ाने का फैसला किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे किसानों के हित में लिया गया "महत्वपूर्ण" फैसला बताया और कहा कि इससे गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य पेट्रोल, डीजल और उन अन्य वस्तुओं की कीमतों में वशृद्धि के अनुरूप होना चाहिए जो किसान फसल उगाने में इस्तेमाल करते



चीनी मिल से जुड़े श्रमिकों को भी लाभ होगा।बुधवार की शाम को यहां पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने कहा, "गन्ने के एफआरपी में यह वशृद्धि किसानों को स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वशृद्धि के मुकाबले यह अपर्याप्त है।"उन्होंने मांग की कि हैं।खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र के फैसले से पांच करोड़ गन्ना किसान और उन पर निर्भर लोगों को फायदा होगा। साथ ही चीनी मिलों और संबंधित गतिविधियों में शामिल करीब पांच लाख कामगारों को भी लाभ होगा।

## सरकार ने शीर्ष अदालत के लिए अनुशंसित नौ न्यायायाधीशों के नाम राष्ट्रपति को भेजे

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। सरकार ने शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नौ न्यायाधीशों के नाम अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजे हैं और इस संबंध में "जल्द ही" फैसला किए जाने की उम्मीद है। सरकार के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या 34 हो सकती है और इस समय शीर्ष अदालत में 10 पद रिक्त हैं। न्यायालय के कॉलेजियम ने एक अभूतपूर्व निर्णय के तहत तीन महिला न्यायाधीशों को उच्चतम न्यायालय में नियुक्त करने की पिछले सप्ताह सिफारिश की और अगर उनके नाम को मंजूरी दी जाती है तो न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना 10 फरवरी 2027 को भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बन सकती हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश नागरत्ना के अलावा गुजरात उच्च न्यायालय की न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और तेलंगाना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश हिमा कोहली के नाम की भी उच्चतम न्यायालय में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति कोहली एक सितंबर को सेवानिवश्त्त हो जाएंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या नियुक्ति वारंट एक सितंबर से पहले जारी नहीं हो पाएगा, सूत्रों ने बताया कि ऐसी स्थिति संभवतः पैदा नहीं होगी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु में सेवानिवश्त्त होते है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवश्त्ति के लिए आयु 65 वर्ष है। सूत्रों ने बताया कि जिन नौ



न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश की गई है, उनकी पदोन्नति के संबंध में अंतिम निर्णय "जल्द ही" लिया जाएगा। नामों को मंजूरी मिलने के बाद उनकी नियुक्ति के वारंट जारी किए जाएंगे और सरकार निर्णय की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी करेगी। कॉलेजियम ने तीन महिला न्यायाधीशों के अलावा केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सी टी रवि कुमार और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एम एम सुंदरेश के नामों की भी सिफारिश की है। कॉलेजियम ने बार से सीधी नियुक्ति के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल पी एस नरसिम्हा के नाम की सिफारिश की है। अगर उनके नाम को मंजूरी मिलती है तो वह ऐसे छठे वकील होंगे, जिन्हें बार से सीधे न्यायालय में नियुक्ति मिलेगी। न्यायमूर्ति कोहली के अलावा विभिन्न उच्च न्यायालयों के जिन मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की गयी हैं उनमें न्यायमूर्ति अभय श्रीनिवास ओका (कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति विक्रम नाथ (गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी (सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) शामिल हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।